पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांकः 28039 दिनांक : 20/12/2024

आवश्यक सूचना
पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नवीन पहल
"एक थाली एक थैला" अभियान में सक्रिय सहभागिता का अनुरोध

पर्यावरण प्रदूषण विश्व की ज्वलंत पर्यावरण समस्या है। प्लास्टिक एवम डिस्पोजेबल मेटिरियल के प्रयोग में लगातार वृद्धि इसका एक प्रमुख कारण है, जिसे व्यक्तिगत स्तर पर रोका जा सकता है। इसी विचार के क्रियान्वयन हेतु विश्व के सबसे बडे आयोजन 'महाकुंभ' में सम्पादित करने के लिये "एक थैला एक थाली" अभियान जिसमें डिस्पोजेबल का उपयोग ना करने के समाधान के रूप में एक थाली एवं एक थैला प्रदान कर पर्यावरण प्रदूषण को कम किया जा सकता है।

सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार क्षेत्राधिकार में अवस्थित समस्त महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि "एक थैला एक थाली" अभियान, जिसका आगाज विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से महाकुंभ के लिए किया गया है, इसके तहत प्रत्येक महाविद्यालय से अपेक्षा है कि कम से कम 100 सेट (एक खाने की थाली और एक कपड़े का थैला) पर्यावरण में सहयोग हेतु विश्वविद्यालय को भेंट करवाएं।

यह सेट जिसकी अनुमानित लागत 100 रूपये प्रति सेट है, महाविद्यालय अपने स्तर पर बाजार से खरीद सकते हैं। यदि बाजार से खरीदने में असुविधा हो तो विश्वविद्यालय में केन्टीन के समीप से भी प्राप्त किये जा सकते हैं। सभी महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि वे इस कार्य को शीघ्र और सही तरीके से सम्पन्न कर संबंधित सेट विश्वविद्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

उपकुलसचिव (शैक्षणिक)

क्रमांकः 28040–042 दिनांक– 20/12/2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. निजी सचिव, कुलपति, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
3. वित्त नियंत्रक, लेखा शाखा, पं. दी. द. उ. शे. विवि., सीकर।
4. रक्षित पत्रावली।

उपकुलसचिव (शैक्षणिक)